






नवभारत
इंदौर, शुक्रवार,22, अगस्त,2025




## एक नजर में

### 22 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 22 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 19 प्रकरणों मे 20 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरण मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 03 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे दिनांक 20.08.25 को कुल 16 गिरफ़्तारी, 01 स्थाई वारंट, 35 जमानती वारंट, 82 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए। थाना नर्मदानगर के आरोपी लाखन सिंह पिता भोलाराम जाति मीणा उम्र 55 साल निवासी गांधीनगर थाना करालीया जिला विदिशा के द्वारा उसकी लायसेन्सी 315 बोर की बन्दूक से वीडियो बनाने के लिये हवाई फायर किया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 125 बी एन एस एवं 25(9) आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना मूंदी के आरोपी राजु पिता गंगाराम जाति टाकिया उम्र 35 साल निवासी बोरानी के कब्जे से कच्ची हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब करीब 10 लीटर कीमती 800/- रूपए की जप्त की गई। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### 19 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

**खंडवा।** जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 19 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 8000/-रुपए वसूल किए गए है। उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### स्वर्ण पदक जीत, ओडिशा में नेशनल खेलेंगे खंडवा के खिलाड़ी




**खंडवा।** भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इंडिया ताइक्वांडो द्वारा उज्जैन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सुमन गार्डन में किया गया। कोच फैजान खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में समर अग्रवाल, रिशिक खरवांश और खनक फालके ने गोल्ड जीतकर नेशनल में जगह बनाई। वहीं स्वरा सोनी ने सिल्वर मेडल जीता। शिवारिया टाउनशिप ऑफिशियल क्लब के आयन धुर्वे और दर्श चौधरी ने भी अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नेशनल में जगह बनाई। सभी स्वर्ण पदक विजेता ओडिशा में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी विजेता खिलाड़ियों को इंडिया ताइक्वांडो के जिला सचिव मुगीस खान, राजेंद्र राजपूत, भगवानदास सुंगत, शुभम जैन, शशिकांत मालवीय, डॉ. गुर्जर, मोहन काशिव, हेमेंद्र वरकडे, सौरभ श्रीवास्तव, शैलेंद्र वर्मा, नागेश वालंजकर, ज्योति वालंजकर, हिमांशु राठवे, विकास मोहे ने ताइक्वांडो कोच मोहम्मद जैद और अशफाक चौहान के साथ बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सांसद पाटिल ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार से मुलाकात कर दी बधाई



**खंडवा।** दिल्ली में इन दोनों चल रहै लोकसभा सत्र के दौरान खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल दिल्ली में उपस्थित होकर जहां लोकसभा क्षेत्र में शामिल हो रहे हैं वही संसदीय सत्र मैं शामिल हो रहे हैं वही संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए संबंधीत विभागों के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात भी कर रहें है। गुरुवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश/ छत्तीसगढ़ के सांसदों की बैठक के दौरान एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सी.पी. राधाकृष्णन से भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा बुधवार को दिल्ली में अपना नामांकन प्रस्तुत किया इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो स्वयं प्रस्ताव बने उपस्थित थे। सी.पी राधाकृष्णन का राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व, दो बार कोयम्बतूर से सांसद रहना तथा पुडुचेरी, तेलंगाना, झारखंड के राज्यपाल पद पर सफल कार्यकाल और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में आपकी सेवाएँ—राष्ट्र को नई दिशा देने में अमूल्य साबित हौगी। दिल्ली में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार राधा कृष्ण से मुलाकात कर स्वागत करते हुए उन्हें बधाई शुभकामना दी।

### आयुष्मान भारत योजना की मदद से धनपाल का नि:शुल्क ऑपरेशन हुआ

**खंडवा।** पंधाना तहसील के ग्राम निहालवाड़ी निवासी 40 वर्षीय धनपाल पिता नत्थूसिंह एक दिन मजदूरी करने के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक गाड़ी का बैलेंस बिगड़ने से एक्सीडेंट हो गया, जिसमें उनके सीधे हाथ की हड्डी टूट गई। धनपाल को गंभीर अवस्था में श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा लाया गया, जहां हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल आहके ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर एक्स-रे एवं अन्य सभी जांचें करवाई और अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया। जिला अस्पताल में धनपाल के हाथ का सफलतापूर्वक ऑपरेशन डॉ. विशाल आहके हड्डी रोग विशेषज्ञ ने किया। डॉ. आहके ने बताया कि फेक्चर अत्यधिक गंभीर होने के कारण प्लास्टर से ठीक नहीं हो सकता था। इसके लिए हड्डी को सही जगह पर जोड़ने और उसे सहारा देने के लिए धातु की प्लेट लगाई गई। स्वस्थ होने पर अब धनपाल को डिस्चार्ज कर दिया गया है। धनपाल की मां भागवती देवी ने बताया कि डॉक्टर्स एवं स्टाफ द्वारा तत्परता से समय पर बेटे का इलाज एवं ऑपरेशन हो गया, जिससे अब वह स्वस्थ होकर अस्पताल से वापस घर जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में दवाइयों के साथ-साथ चाय, नाश्ता एवं स्वादिष्ट भोजन की अच्छी व्यवस्था मिली। धनपाल को आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सुविधाएं नि:शुल्क मिली। इसके लिए धनपाल ने अस्पताल प्रबंधन की सराहना कर डॉक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ का आभार प्रकट किया।

# यातायात में बाधक बनने वाले फ्लेक्स एवं बोर्ड हटाए



नवभारत न्यूज

**खंडवा। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई।**

बैठक में सड़क निर्माण से जुड़े विभिन्न विभागों राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, म.प्र. सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, के अधिकारियों के साथ-साथ खंडवा, पंधाना, हरसूद के एसडीएम और यातायात पुलिस के अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि सड़कों के आसपास लगी झाड़ियों के कारण यदि वाहन चालक को सामने से आने वाले वाहन नहीं दिखते हैं, तो ऐसी झाड़ियों को काटने की कार्रवाई तत्काल की जाए। उन्होंने सभी प्रमुख मार्गों पर यातायात संकेतक लगवाने और सड़कों पर लेन मार्किंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुधारने के लिए भी कहा।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपसंचालक पशु चिकित्सा को निर्देश दिए कि रात्रि के समय पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी है कि सड़कों पर विचरण करने वाली गायों के गले में रेडियम के पट्टे लगाए जाएं और उनके सींगों पर रेडियम के टेप चिपकाए जाएं।

बैठक में यातायात पुलिस के अधिकारियों ने जिले की विभिन्न सड़कों पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट की जानकारी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के विभिन्न मार्गों पर यातायात में बाधक बनने वाले फ्लेक्स एवं बोर्ड हटाए जाएं तथा बिना अनुमति कोई भी होर्डिंग्स शहर की सड़कों पर ना लगे यह सुनिश्चित किया जाए।

# केंद्रीय विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** केंद्रीय विद्यालय खंडवा की शाला प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में गत वर्ष के परीक्षा परिणाम और विद्यार्थियों की उपलब्धियों के संबंध में पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्राचार्य ने जानकारी दी।

कलेक्टर ने इस अवसर पर विद्यालय के 2 मेधावी विद्यार्थियों कुमारी जिया शुक्ला तथा कुमारी प्रियल कोगरे को 10-10 हजार रूपए के बैंक ड्राफ्ट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि






कक्षा 1 से 12 तक विद्यालय में लगभग 1400 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में शिक्षकों के सभी पद भरे हुए हैं। बैठक में प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय परिसर में सीसीटीवी लगे हुए हैं, इसके अलावा 20 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की और आवश्यकता है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी




नवभारत न्यूज

**खंडवा। लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश के शिक्षकों द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट शैक्षिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।**

श्री रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा के प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इसी क्रम में बुधवार को श्री रायचंद नागड़ा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खडवा में शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना विषय पर जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

विद्यालय प्राचार्य श्री चौहान ने बताया कि विकासखंड स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में चयनित शिक्षक-शिक्षिका इस जिला स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए। संगोष्ठी में जिला स्तर पर पुरुष वर्ग में जगदीश गौर, शासकीय हाईस्कूल बलियापुरा एवं महिला वर्ग में नीतू ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला झुम्मर खाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ये विजेता 30 अगस्त को भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी में खंडवा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में शिक्षाविद सत्यनारायण लोवंशी, डॉ. कुलदीप सिंह फरे प्राध्यापक, संगीता सोनवाने और कविता वर्मा उपस्थित थी। संगोष्ठी का संचालन नितीश लाड ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान ने किया।

### पिछले 24 घंटों में खंडवा जिले में हुई 12.2 मिलीमीटर औसत वर्षा



**खंडवा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 12.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे खंडवा तहसील में 21 मिलीमीटर, पुनासा में 28 मिलीमीटर तथा हरसूद में 12 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पंधाना तथा खालवा तहसील में कोई भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 21 अगस्त तक जिले में 598.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 453.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 585 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 457 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 283 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 473 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 468 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि.मी. है।

### हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करें

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देश दिए कि जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दें तथा मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि प्रसव के दौरान महिला या शिशु की मृत्यु के मामले को गंभीरता से लिया जाएगा तथा ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार डॉक्टर्स व स्वास्थ्य कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित सीएम हेल्पलाईन के लंबित आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की और कहा कि सीएम हेल्पलाईन में खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों के वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। इसके तहत उन्होंने मूंदी एवं हरसूद के खंड चिकित्सा अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मूंदी के बीपीएम का वेतन काटने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया जाए और उनका नियमित रूप से फॉलोअप किया जाए, ताकि प्रसव के समय कोई समस्या उत्पन्न न हो। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में कहा कि प्रसव के मामले में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर लगाए जाएं। इन शिविरों के स्थान व तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि अधिकतम हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को इन शिविरों का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से अपने अपने क्षेत्र के शासकीय अस्पतालों में बनाये गये प्रसव केन्द्रों का निरीक्षण करें और उनमें जो भी कमी या समस्या हो, उसका निराकरण करायें। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को टेली कंसलटेंसी और ई-संजीवनी सुविधा का लाभ दिलाने के लिए भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना की पात्रता रखने वाले परिवारों के सभी सदस्यों के कार्ड बनवाये जाएं ताकि वे बड़े प्राइवेट अस्पतालों में अपना बेहतर इलाज करा सकें। बैठक में उन्होंने मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, क्षय रोग उन्मूलन, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम कार्यक्रम सहित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, के साथ साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में कॉलेज लेवल काउंसलिंग की नई तिथियां घोषित

**खंडवा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज खंडवा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए रिक्त सीटों के लिए 22 अगस्त, 2 सितंबर, 9 सितंबर और 15 सितंबर प्रवेश की तिथियां रहेंगी। रजिस्ट्रेशन की तिथियां 22 अगस्त के पूर्व 19 से 21 अगस्त तक, फिर 25 अगस्त से 1 सितंबर तक, उसके पश्चात 3 सितंबर से 8 सितंबर तक और अंतिम 10 सितंबर से 15 सितंबर तक रहेंगी। इसके पश्चात किसी भी कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया बंद हो जाएगी। कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी इलेक्ट्रिकल, सिविल तथा मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में प्रवेश ले सकते हैं। कक्षा 12 वीं में किसी भी विषय से उत्तीर्ण विद्यार्थी मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में सीधे सेकंड ईयर में प्रवेश ले सकते हैं। गणित विषय से कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी या आई.टी.आई. उत्तीर्ण विद्यार्थी सीधे किसी भी ब्रांच में सेकंड ईयर में प्रवेश ले सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि सामान्य वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनके पास आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग अर्थात ईडब्ल्यूएस का सर्टिफिकेट है, तो उनके लिए सुनहरा अवसर वे किसी भी ब्रांच में प्रवेश ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया पॉलिटेक्निक कॉलेज खंडवा में अब रिक्त सीटों पर अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन से सीएलसी राउंड का रजिस्ट्रेशन करवा कर 22 अगस्त को प्रात: 11 बजे कॉलेज में उपस्थित होकर संस्था स्तर की काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। सीटें रिक्त होने पर 2 सितंबर, 9 सितंबर और 15 सितंबर को प्रवेश दिया जावेगा।

**समीक्षा बैठक** — स्वास्थ्य शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करें

# कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** इन्दौर संभाग के कमिश्नर दीपक सिंह के निर्देश अनुसार दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद् स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहला स्वास्थ्य शिविर जिले के खालवा विकाखण्ड के ग्राम रोशनी में 30 अगस्त को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित होगा। इस शिविर के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में की।

कलेक्टर ने इस अवसर पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि मरीजों को उनके गांव से रोशनी के स्वास्थ्य शिविर तक लाने के लिए वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था रखें। उन्होंने एसडीएम और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य शिविर के लिए गांव-गांव में पंचायत सचिवों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कराएं तथा चिन्हित मरीजों को उनके गांव से स्वास्थ्य शिविर तक लाने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव गांव में आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से दीवार लेखन कराकर और कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर रोशनी में आयोजित होने वाले शिविर के स्थान और तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसकी जानकारी रहे, और वे इस शिविर आयोजन का लाभ उठा सकें।

स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों की विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से की जाएगी। इंदौर के प्राईवेट एवं मेडिकल कालेज इन्दौर कैंसर फाउंडेशन, बाम्बे हास्पिटल, अपोलो राजश्री इन्दौर, कोकिलाबेन धीरूभाई अम्बानी हास्पिटल, चौईथराम हास्पिटल, शेल्वी हास्पिटल, एलएनसीटी चिकित्सा महाविद्यालय, विशेष जुपीटर, मेंदाता हास्पिटल इन्दौर, केयर सीएचएल अस्पताल इन्दौर, मेडिकल कालेज इन्दौर के विशेषज्ञ, मेडिकल कालेज खण्डवा एवं जिला अस्पताल खण्डवा के विशेषज्ञों द्वारा सेवायें दी जायेगी।

स्वास्थ्य शिविर में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट, जनरल मेडिसीन, जनरल फिजिशन, जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, बाल हृदय रोग, गेस्ट्रोलॉजी, नाक कान गला रोग, रेडियाथेरेपी, रेडियो डायग्नोसिस, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर, सिकल सेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, दन्त रोग, मानसिक रोग, चर्म रोग, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे विभागों के चिकित्सकों द्वारा इन रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा। इसके साथ ही मरीजों को एक्स-रे, ई.सी.जी., ईको मेमोग्राफी, सोनोग्राफी, पेथालॉजी जांच, सिकल सेल जांच की सुविधा भी नि:शुल्क उपलब्ध होगी। शिविर में दिव्यांगजनों के विकलांगता सम्बंधी प्रमाण पत्र भी बनाए जाएंगे, ताकि वे सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं का लाभ ले सकें।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. कृष्णा सुशीर, सभी एसडीएम एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।